# ठंड से कंपकंपाया मारवाड़, गलन वाली सर्दी ने परेशानी बढ़ाई

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम बदलने की संभावना जताई

**जोधपुर,** (कासं)। पश्चिमी विक्षोभ के असर से सर्दी की रंगत फिर से बढ़ गई है। सोमवार को मारवाड़ के मौसम में बदलाव देखने को मिला। विक्षोभ के असर से सर्दी फिर से चमक उठी है। मारवाड़ भी ठंड की आगोश में है। मारवाड़ के लोग भी ठंड में कंपकंपा रहे हैं। अलाव का सहारा लेकर सर्दी को मिटाने का जतन किया जा रहा है। सोमवार की सुबह समूचे मारवाड़ में दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। अलसुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अपनी गाड़ियों की हैडलाइट तक जलानी पड़ी। सूर्यदेव के दर्शन के बाद सर्दी से हल्की राहत मिली। मगर दिन भर गलन वाली सर्दी का असर बना रहा। दोपहर तक तापमान 10 डिग्री तक आंका गया।

मौसम विभाग ने आगामी दो दिन तक पश्चिमि विक्षोभ का असर बने रहने की चेतावनी जारी की है। प्रदेश के कुछेक स्थानों पर बादल, बारिश एवं ओलावृष्टि की संभावना व्यक्त की गई है। जोधपुर संभाग में भी बारिश की संभावना जताई है। सोमवार की अलसुबह जोधपुर शहर में घने कोहरे का असर बना रहा। काफी दूर तक कुछ साफ दिखाई नहीं दे रहा था। अलसुबह ही रेलवे की पटरियों और मार्गों पर कोहरे के असर से कुछ नहीं आया। लोग ठिठुरते हुए अपने कार्यालयों तक पहुंचे। दस बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिल पाई। हवा की गति मंथर होने से तन तो नहीं भेद सकीं मगर गलन वाली सर्दी का अहसास बना रहा।


सोमवार की सुबह समूचे मारवाड़ में दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा।

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से सर्दी की रंगत फिर से बढ़ी
- प्रदेश के कुछेक स्थानों पर बादल, बारिश एवं ओलावृष्टि की संभावना

सूर्यदेव का मकर राशि में संचरण आगामी 15 जनवरी से होने जा रहा है। ऐसे में सर्दी का असर 15 जनवरी तक इस तरह बने रहने की संभावना है। उसके बाद सूर्यदेव का उतरायण होने से मौसम में बदलाव आना शुरू होगा। 14 दिसम्बर से 14 जनवरी तक सूर्यदेव का धनु एवं मकर राशि में संचरण सर्दी का इजाफा करता है, जिससे जीवधारी परेशान और अनियमित रहते है।

# संगठन व सरकार के पूरे जोर-शोर के बाद भी भाजपा हारी करणपुर सीट

**जयपुर।** सुरेंद्रपाल टीटी राजस्थान के इतिहास के पहले मंत्री, जिन्हें विधायक बनने से पहले पद मिल गया। अब टीटी के नाम एक और अनचाही उपलब्धि दर्ज हो सकती है। वे केवल शपथ लेकर इस्तीफा देने वाले पहले मंत्री बन सकते हैं, क्योंकि टीटी श्रीकरणपुर सीट से विधानसभा चुनाव हार गए हैं। भाजपा ने अपनी चौंकाने वाली रणनीति के तहत टीटी को जीत से पहले ही मंत्री बना दिया। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पूरा जोर लगाया, लेकिन जनता ने नकार दिया। बहुमत की सरकार बनाने के बाद भाजपा बची हुई एक सीट श्रीकरणपुर को लेकर ओवर कॉन्फिडेंट थी। यही वजह है कि चुनाव से पहले ही प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री पद दे दिया।

श्रीकरणपुर में नहर व सिंचाई आदि प्रमुख मुद्दे होने के कारण उन्हें इन्हीं विभागों का मंत्री भी बनाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने जान झोंकी और कांग्रेस की तुलना में बड़ी सभा भी की। इसके बावजूद भाजपा सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी के मुद्दे पर किसानों को विश्वास में नहीं ले पाई। भाजपा सरकार अपना रूख भी स्पष्ट नहीं कर पाई कि पंजाब से किसानों के हक का पूरा पानी लेने व सिंचाई के लिए उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी या नहीं। वहीं, चुनाव के दौरान यह भी स्थानीय मतदाताओं में चर्चा रही कि टीटी को मंत्री बनाकर भाजपा अतिउत्साह दिखा रही है और जनादेश के इंतजार किए बना मतदाताओं को प्रभावित करना चाह रही है। ऐसे में चुनाव से पहले टीटी को मंत्री बनाने से क्षेत्र की जनता को नाराजगी हुई। माना जा रहा है कि इसका भी दुष्परिणाम भाजपा को झेलने को मिला।

- भाजपा को अति आत्मविश्वास के कारण हार का सामना करना पड़ा

श्रीकरणपुर सीट के लिए यह नहीं कहा जा सकता कि ये किसी एक पार्टी विशेष की सीट रही है। पिछले चुनावों के परिणाम देखें तो कांग्रेस और भाजपा दोनों ही जीत-हार का सामना करते रहे हैं। 2018 में यह सीट भाजपा के हाथ से निकल गई थी और कांग्रेस ने जीत ली थी। श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पंजाब से सटी हुई है। जट-सिखों की बहुलता के कारण पंजाब के मुद्दों का यहां सीधा प्रभाव देखने को मिलता है। पंजाब में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान किसान आंदोलन के कारण भाजपा को वहां नाराजगी सहनी पड़ी। इस बार नाराजगी में खालिस्तान विचारधारा का मुद्दा भी जुड़ गया। इस इफेक्ट ने पंजाब बॉर्डर से सटी राजस्थान की श्रीकरणपुर सीट पर प्रभाव डाला और भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।

सुरेंद्र पाल सिंह टीटी भाजपा के पुराने लीडर्स में से एक हैं। दो बार मंत्री रहे और कृषि, खान-पेट्रोलियम जैसे विभाग संभाले। मंत्री रहने के बावजूद अगले ही चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बार तो वे चुनाव से पहले ही मंत्री बना दिए गए थे। श्रीकरणपुर क्षेत्र के किसान मतदाताओं की शिकायत रही कि भाजपा को बहुमत मिलने के एक महीने बाद भी सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिला। सरकार बनाने के बाद भी भाजपा ने इस सीट पर भरपूर प्रचार तो किया, लेकिन किसानों को पानी देने के मामले में नहर विभाग ने तत्परता नहीं दिखाई। टीटी ये भरोसा नहीं दिला पाए कि जीतने के बाद श्रीकरणपुर के किसानों को सिंचाई के लिए वे अतिरिक्त पानी दिला सकेंगे। वहीं सोमवार को सुरेंद्रपाल टीटी ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया।

# जैसलमेर में कड़ाके की सर्दी व कोहरे से जनजीवन प्रभावित हुआ

**जैसलमेर,** (निसं)। जिले के कई इलाकों में सोमवार को भी घना कोहरा छाया रहा। साथ ही सर्दी का असर भी तेज रहा। उत्तरी इलाकों से आ रही ठंडी हवाओं से जैसलमेर जिले में पिछले 10 दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। कोहरे के साथ ओस की बूंदें भी पड़ रही है। कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन प्रभावित कर रखा है।

सोमवार को तापमान में गिरावट देखने को मिली। दिन के पारे में 4 डिग्री की गिरावट हुई। वहीं रात के पारे में 1.7 डिग्री की गिरावट होने से रात में ठिठुरन बढ़ गई। दिन व रात में कड़ाके की सर्दी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। वहीं सर्द हवाओं ने झकझोर दिया। लोग अलाव जलाकर खुद को सर्दी से बचाने के जतन कर रहे हैं। रविवार को जैसलमेर का अधिकतम तापमान 18.1 डिग्री व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 13 डिग्री का अंतर रहा।

मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मंगलवार को मौसम बदल सकता है। सर्द हवाएं चलने के साथ सर्दी का असर लगातार बढ़ेगा। 15 जनवरी के बाद मौसम सामान्य रहेगा। हालांकि जनवरी में तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। जनवरी के पहले हफ्ते में रात के पारे में ज्यादा बढ़ोतरी व गिरावट आई। इस सप्ताह में शनिवार को छोड़कर सभी दिनों में तापमान 5 डिग्री के आसपास रहा। जिससे लगातार रात में कड़ाके की सर्दी का असर बना हुआ है। वहीं दिन के पारे में एकाएक उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

- सोमवार को तापमान में गिरावट देखने को मिली, चार डिग्री की गिरावट हुई

4 जनवरी को दिन का पारा 16 डिग्री पर था, जो 5 जनवरी को बढ़कर 20 डिग्री पहुंच गया। उसके बाद 2 डिग्री की और बढ़ोतरी होकर 22 डिग्री पहुंच गया था। लेकिन रविवार को फिर से 4 डिग्री की गिरावट के साथ 18 डिग्री पर पहुंच गया है। प्रदेश में रविवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। पहले मौसम वैज्ञानिकों ने आशंका जताई थी कि जोधपुर संभाग के जिलों में भी बूंदाबांदी हो सकती है। लेकिन अब संभावना जताई जा रही है कि जैसलमेर में बूंदाबांदी नहीं होगी। अगले 2-3 दिन मौसम साफ रहने की संभावना है। बादल व कोहरा छाए रहने की संभावना नहीं है। वहीं 10 से 11 जनवरी के बाद शीतलहर से थोड़ी राहत मिलेगी। हालांकि सोमवार को जिले में सड़कें हल्की गीली रही और मौसम में कोहरे की वजह से ओंस भी गिरी, जिससे मौसम में ठंडक ज्यादा बढ़ गई।

## इलेक्ट्रीशियन रिश्वत लेते पकड़ा

**राजसमंद,** (निसं)। राजसमंद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम में सोमवार को एक कार्रवाई करते हुए रेलमगरा ऐईन कार्यालय में तैनात इलेक्ट्रीशियन द्वितीय अशोक शर्मा को दो हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया है। एसीबी के पुलिस निरीक्षक मंसाराम मीणा ने बताया कि परिवादी ने दो जनवरी को लिखित शिकायत देकर बताया कि उसके दादाजी नंगजी राम के नाम पर कुएं का विद्युत कनेक्शन है। दादाजी और पिताजी के देहांत के बाद विद्युत कनेक्शन अपने नाम करवाने के लिए परिवादी ने एक साल पहले फाइल लगाई थी। लेकिन कनेक्शन ट्रांसफर नहीं होने पर जब उसने इलेक्ट्रीशियन द्वितीय अशोक शर्मा से संपर्क किया तो उसने रिश्वत के लिए 2 हजार रूपये की मांग की थी।

## पुलिया की पट्टी टूटने से ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**मालपुरा,** (निसं)। सोमवार की अलसवेरे शहर के आदर्श नगर के गौरव पथ पर ऑवरलोड ईंटों से भर ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो पलटी खा गई। घने कोहरे के दौरान ट्रैक्टर चालक गौरव पथ पुलिया से ट्रेक्टर को घुमाने के दौरान पुलिया की पट्टी का बड़ा भाग टूट जाने पर ओवरलोड ईंटों से भरी ट्रॉली का टायर पुलिया में फंस गया तथा ट्रॉली पलटी खा गई।

गनीमत रही कि इस दौरान आसपास किसी के नहीं होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं चालक ने तत्परता दिखा अपनी जान बचाई। वहीं जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे पर चौसला के पास घने कोहरे के कारण ट्रक व तूडी के ट्रैक्टर में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे मे ट्रेक्टर का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त तो हुआ लेकिन चालक बाल-बाल बच गया।

इसके अलावा टोडारायसिंह कस्बे में निर्माणाधीन मकान की छत पर कार्य करने के दौरान गिरे एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी मे सामने आया कि टोडारायसिंह कस्बे मे निर्माणाधीन मकान की छत पर भासु निवासी महावीर माली कार्य कर रहा था।

इसी दौरान संतुलन बिगड़ जाने से अचानक नीचे आ गिरा। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल अवस्था में टोडारायसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घौषित कर दिया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा।

# विराटनगर के बांधों को ई.आर.सी.पी. में शामिल करने की मांग

**पावटा,** (निसं)। ईआरसीपी में विराटनगर क्षेत्र के बांधों छितौली, बूजा, पणदो, जवानपुरा धाभाई, नीमली, बुचारा, बनाडी, बड़ोदिया, पंच पहाड़ी, पाछूडाला बांध शामिल नहीं किए जाने पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार हमारी जनता के साथ धोखा कर रही है। क्या इसी के लिए क्षेत्र की जनता ने भाजपा को वोट दिया था। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि अगर हमारे बांधों को ईआरसीपी में नहीं जोड़ा तो विराटनगर क्षेत्र को क्या फायदा मिलेगा। विराटनगर क्षेत्र में पानी की भयंकर किल्लत है।

ईआरसीपी में हमारे विराटनगर क्षेत्र के बांधों छितौली, बूजा, पणदो, जवानपुरा धाभाई, नीमली, बुचारा, बनाडी, बड़ोदिया, पंच पहाड़ी, पाछूडाला बांध को शामिल करने पर बांध पानी से भर जाएंगे तो यहां का जलस्तर बढेगा व किसान खुशहाल होगा। क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई की समस्या का हमेशा के लिए समाधान हो जाएगा। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने नव निर्वाचित विधायक कुलदीप धनकड से आग्रह करते हुए अवगत करवाया कि सरकार में विराटनगर की जनता की भावना को रखे और इन बाँधों को ईआरसीपी में जुड़वाये। अगर सरकार ने समय रहते इस पर कार्यवाही नहीं की तो कांग्रेस पार्टी विराटनगर की जनता को साथ लेकर इस पर आंदोलन करेगी।

## पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। पानरवा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 30 अगस्त 2023 को अमरचन्द्र हेकांस्टेबल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर ड्यूटी के लिए गश्त पर जाने के लिए रवाना होकर राजकीय माध्यमिक विद्यालय मानपुर तिराहे के पास पहुंचा।

जहां भीड़भाड़ को देख मैंने व साथी जवानों ने वहां मौजूद लोगों को रवाना होने के लिए कहा। इस दौरान शराब के नशे में मेरे पास आए युवकों मेसे एक ने एतराज कर धक्का मुक्की की। बीच बचाव करने पर उसके अन्य साथियों ने आकर मेरे साथ मारपीट की और फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर गठित दल ने विरमा पुत्र साजा गमार निवासी शिलामाता मनपुर को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

# प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। आपसी रंजिश के चलते व्यक्ति पर प्राणघातक हमला करने वाले को पानरवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 11 मई 2023 को भेरूसिंह पुत्र साजसिंह निवासी बांगली थाना ओगणा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं बिरोठी गांव में रिश्तेदार की शादी समारोह में गया था। जहां मौजूद चन्दनसिंह व उसके साथियों ने उदयसिंह पर प्राणघातक हमला किया। इसका विरोध करने पर मुझे पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया।

इसके बावजूद चन्दनसिंह तलवार से सिर पर हमला कर फरार हो गया। इस दौरान आरोपियों ने देवीसिंह के साथ भी मारपीट की। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर गठित दल ने रविवार को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर प्रवीणसिंह पुत्रनाथु सिंह निवासी काया तलाई गोवर्धन विलास को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। इस मामले में फरार चंदनसिंह की तलाश जारी है।

# फूड पॉइजनिंग का शिकार हुआ परिवार, हॉस्पिटल में भर्ती




परिवार के सदस्यों को इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बीती रात दाल-बाटी खाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं सहित चार लोगों की हालत बिगड़ गई। परिवार के सदस्यों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सिंधु नगर का है। यहां रहने वाली संतोष पत्नी नरेंद्र (39) ने रात को खाने में दाल बाटी और पापड़ की सब्जी बनाई थी जिसे पूरे परिवार ने रात 10 बजे के लगभग खाया था। देर रात को अचानक से एक के बाद एक सभी को उल्टी और जी मिचलाने और घबराहट की शिकायत हुई। जिसके चलते संतोष पत्नी नरेंद्र जीनगर (39), गोरी पत्नी महेंद्र जीनगर (24), बालकृष्ण पिता नरेंद्र जीनगर (18) और ममता पिता नरेंद्र जीनगर 15 की हालत बिगड़ गई। इन्हें इलाज के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां संतोष देवी आईसीयू में भर्ती है जबकि शेष की तबियत ठीक है। इनका कहना है कि खाने में शायद कोई ग़लत चीज गिर गई जिसके चलते इन सभी की हालत बिगड़ी है।

# राजस्थान को देश का नंबर वन प्रदेश बनाएंगे : गजेन्द्रसिंह शेखावत

**पोकरण,** (निसं)। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार बन चुकी है। अब इसे देश का नंबर वन राज्य बनाना है। इसमें न केवल सरकार की, बल्कि आम जनता की सहभागिता भी आवश्यक है। शेखावत सोमवार को पोकरण विधानसभा क्षेत्र के ओला गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की तत्कालीन सरकारों की अभाव में काम करने की आदत हो गई थी। इसलिए उन सरकारों की योजनाओं से होने वाले विकास के लिए व्यक्ति बाट ही जोहता रहता था, लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सामान्य मानवी के जीवन में परिवर्तन हुआ है। वर्ष 2014 में जब मोदी प्रधानमंत्री बने उसके बाद घर-घर में बिजली और पानी लाने की योजनाएं बनाई गई। उज्जवला योजना से महिलाओं को चूल्हे से मुक्ति मिली। चार करोड़ गरीबों को घर दिया गया। जनधन खाते खोले। प्रधानमंत्री ने नई क्रांति का सूत्रपात किया। उनका संकल्प था कि जो भी योजना बने, उसका लाभ सौ फीसदी लोगों को मिले।


पोकरण के ओला गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत का स्वागत किया।

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री ने जल जीवन मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि हर घर पानी पहुंचाने की योजना की जिम्मेदारी जब मुझे मिली, तब देश के मात्र तीन करोड़. घरों में पानी पहुंचता था। लेकिन आज चौदह करोड घरों में पानी पहुंचता है। शेखावत ने कहा कि आपने एक वोट सही जगह दिया। इसका परिणाम करोड़ों घरों में पानी पहुंचा, करोड़ों घरों में गैस पहुंची, गरीबों के घर बने, कोरोना की आपदा में नि:शुल्क टीका लगाया गया यह सब आपने एक वोट सही दिया, इसलिए संभव हो पाया। अब मोदी जी ने संकल्प लिया है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनना है। ये काम केवल सरकारों के भरोसे नहीं होने वाला इसमें हम सबको योगदान देना है। आज पूरी दुनिया मानती है कि भारत तेजी से बढ़ता देश है। शेखावत ने पोकरण क्षेत्र में बिजली की समस्या को दूर करने का उन्होंने आश्वासन दिया।

यात्रा का जोधपुर संसदीय क्षेत्र के पोकरण विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत सांकडा के ओला गांव में पड़ाव रहा। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने सोमवार को जोधपुर से बाडमेर होते हुए ओला पहुंचकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन किया। यहां पर केन्द्र सरकार की विविध योजनाओं के लाभार्थियों से मिले। शिविर में पोकरण विधायक महन्त प्रतापपुरी महाराज, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, जैसलमेर भाजपा जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सारदा सहित अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाथरूम में नहाने गई विवाहिता की मौत

## गैस गीजर से दम घुटने से महिला की मौत की आशंका

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जवाहरनगर थाना इलाके में हाउसिंग बोर्ड सेक्टर एक में बाथरूम में नहाने गई एक विवाहिता की मौत हो गई। बाथरूम में गैस गीजर लगा हुआ है। इसके कारण दम घुटने से महिला मौत होना बताया जा रहा है। इस संबंध में मृतका के परिजनों की ओर से पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

पूर्व पार्षद संदीप शर्मा ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड सेक्टर एक में रिपुदमन सिंह हनुमानगढ़ गया हुआ था। पीछे से घर में उसकी पत्नी पूजा (30), उसका छह साल का बेटा व मां थे। दोपहर करीब डेढ़-दो बजे पूजा नहाने के लिए ऊपर की मंजिल पर गई थी। जब वह डेढ़ घंटे तक नीचे नहीं आई तो दादी ने अपने पोत्र को ऊपर भेजा। जब बच्चा ऊपर गया तो बाथरूम का दरवाजा खुला था और गेट पर पूजा गिरी हुई थी। बच्चे ने उसको आवाज लगाई और हिलाया ढुलाया तो वह कुछ नहीं बोली।

इस पर बच्चे की चीख पुकार सुनकर दादी रेणू ऊपर पहुंची तो पूजा बेहोशी की हालत में बाथरूम के गेट पर गिरी हुई थी। दादी ने शोर किया तो आसपास के लोग वहां आ गए। लोगों ने तत्काल पूजा को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन शव को घर ले आए। इस संबंध में पुलिस को सूचित नहीं किया गया। घटना के संबंध में मृतक के पति को फोन पर अवगत कराया। पूर्व पार्षद ने बताया कि गैस गीजर के कारण दम घुटने से महिला की मौत हो गई।

## हादसे में एक की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। प्रताप नगर थाना क्षैत्र में ट्रेलर की टक्कर से पिकअप में सवार एक युवक की मौत हो गई तथा दो युवक घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात में प्रताप नगर थाना क्षैत्र देबारी स्थित घाटावाली माता के समीप पिकअप को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार अल्केश पुत्र आमदत्त निवासी यूपी की मौत हो गई तथा साथी रिंकु व राजु घायल हो गए।


**Rajasthan Grameen Aajeevika Vikas Parishad (Rajeevika)**
**District Project Management Unit (DPMU)**
Choupal Grameen Prashikshan Sansthan, Badodiya, Basti Near Railway Station, Jaipur, Phone No.- 0141-2209370

No. DPMU/Acct./Saras Mela/2024/544 Dated :- 08/01/2023

**NOTICE INVITING E BID**

DPMU Rajeevika, Jaipur invites online bids from eligible bidders for all arrangements for JAIPUR SARAS RASTRIYA CRAFT MELA-2024 at Shilpgram, Jawahar kala Kendra, JLN Marg, Jaipur, viz. fabrication of stalls, VIP room, reception, stage, light, water, generator, sound system, food court, video-photography, cleaning, fire fighting etc. For details please visit website **http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in and www.rajeevika.rajasthan.gov.in.** Pre bid conference shall be held on 09.01.2024 (12.00PM) in the office of DPMU, Rajeevika, choupal Bhawan, Jaipur. Last date for submission of e-bids is 10.01.2024 upto 11:00 AM.

UBN No. RGA2324SLOB00307
Raj.Samwad/C/23/12083

District Project Manager
Rajeevika, Jaipur